# जनसुनवाई में उठी पुलिया और नाली निर्माण की मांग, जलभराव से ग्रामीण बेहद परेशान



**मण्डला, देशबन्धु।** रामनगर के ग्राम चिखली टोला के ग्रामीणों ने कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचकर पुलिया एवं नाली निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि अंजनिया-रामनगर नवीन रोड निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसी द्वारा जहां पुरानी पुलिया स्थित थी, वहां नई पुलिया का निर्माण नहीं किया गया। इससे वर्षा जल की समुचित निकासी बाधित हो रही है और पानी घरों में घुसने लगा है।

ग्रामीणों का कहना है कि एक स्थानीय व्यक्ति के आपत्ति करने पर एजेंसी ने पुलिया निर्माण कार्य रोक दिया और यह कहते हुए मना कर दिया कि उनके नक्शे में उस स्थान पर पुलिया प्रस्तावित नहीं है। इस निर्णय के विरोध में ग्रामवासियों द्वारा आंदोलन किया गया, जिस पर मौके पर नायब तहसीलदार, पटवारी, हिरदेनगर पुलिस प्रशासन, सरपंच, जनपद सदस्य एवं एजेंसी ठेकेदार उपस्थित हुए। उन्हें आश्वासन दिया गया कि डेढ़ मीटर गहराई एवं डेढ़ मीटर चौड़ाई की पक्की नाली का निर्माण वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व कर दिया जाएगा।

**अधूरा निर्माण, बढ़ती समस्या-** ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, परंतु नाली निर्माण अधूरा ही छोड़ दिया गया, जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और घरों में पानी घुस रहा है। समस्या की जानकारी सरपंच महोदय को दी गई, जिनके निजी प्रयासों से नाली की खुदाई कराई गई, किंतु वह भी पर्याप्त नहीं है।

**नहर में मलवा भरने से जलभराव और गंभीर-** ग्रामीणों ने बताया कि चिखली जलाशय से निकलने वाली नहर में मिट्टी एवं मलमा भरने के कारण नहर पूरी तरह से बंद हो गई है। उक्त नहर का पानी भी मोहल्ले की ओर आकर जमा हो रहा है, जिससे जलभराव और अधिक गंभीर हो गया है।

**ग्रामीणों की मांग-** जनसुनवाई में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि जहां पूर्व में पुलिया थी, वहां शीघ्र नई पुलिया का निर्माण कराया जाए एवं नहर की सफाई करवाई जाए, जिससे वर्षा जल की निकासी पूर्ववत बनी रहे और ग्रामीणों को जलभराव से राहत मिल सके।

# भारतीय मजदूर संघ मंडला द्वारा परिचय वर्ग आयोजित

## संगठन के मूल सिद्धांतों पर हुआ विस्तार से संवाद





**मण्डला, देशबन्धु।** 6 जुलाई 2025 को भारतीय मजदूर संघ, भोपाल (मध्य प्रदेश) के आह्वान पर भारतीय मजदूर संघ जिला मंडला द्वारा एक दिवसीय परिचय वर्ग का आयोजन रविवार को प्रात: 10.30 बजे मंडला स्थित कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं मूल सिद्धांतों से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम में बीएमएस का परिचय, कार्यपद्धति, अनिवार्य कार्यक्रम, पंच परिवर्तन तथा संगठन के नारे, ध्वज और गीत जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला मंत्री हरीश यादव ने संगठन का ऐतिहासिक परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण कर चुका है, और इस अवसर पर प्रदेशभर में इस प्रकार के परिचय वर्ग आयोजित कर संगठन के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

बीएमएस मंडला के जिला अध्यक्ष प्रहलाद चंद्रौल ने संगठन की कार्य पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीएमएस एक रचनात्मक, राष्ट्रवादी और श्रमिकों के कल्याण को समर्पित संगठन है, जिसकी कार्यशैली लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। वर्ग के विभिन्न सत्रों में बीएमएस से जुड़ी अन्य जिला इकाइयों के पदाधिकारियों ने भी वक्ता के रूप में भाग लिया और संबंधित विषयों पर उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में जिले के समस्त बीएमएस पदाधिकारी उपाध्यक्ष संतलाल यादव, मोहन लाल भारिया, रामकुमार सैयाम, मेकलसुता मजदूर संघ अध्यक्ष नारायण यादव, सुरेन्द्र चंद्रौल, धनेश्वर ठाकुर, अनुराग बरया, रामकुमार, योगेश, अनुज, संजु, उपेन्द्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन के गीतों का सामूहिक गायन किया और संगठन के ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकजुटता एवं राष्ट्रीय भावना के संकल्प के साथ हुआ।

## सार-समाचार

### जिले में अब तक 792.6 मिमी वर्षा दर्ज

**मण्डला, देशबन्धु।** मंडला जिले में एक जून से 8 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 792.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 8 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 91.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील मंडला में 124.4 मिमी, नैनपुर में 126.4 मिमी, बिछिया में 103.6 मिमी, निवास में 64.6 मिमी, घुघरी में 64.6 मिमी एवं नारायणगंज में 67.7 मिमी वर्षा आंकी गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जुलाई तक तहसील मंडला में 792.6 मिमी, नैनपुर में 893 मिमी, बिछिया में 735.6 मिमी, निवास में 778.5 मिमी, घुघरी में 656.8 मिमी एवं नारायणगंज में 817 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 340.4 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील मंडला में 446.2 मिमी, नैनपुर में 393.2 मिमी, बिछिया में 329.9 मिमी, निवास में 319.3 मिमी, घुघरी में 199.6 मिमी एवं नारायणगंज में 361.4 मिमी वर्षा आंकी गई थी।

### युवा-संगम मेला का आयोजन 15 जुलाई को

**मण्डला, देशबन्धु।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रोजगार के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों (उम्र 18-35 वर्ष एवं योग्यला-कक्षा 8वीं से स्नातक एवं आई.टी.आई उत्तीर्ण) को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु युवा-संगम मेला का आयोजन 15 जुलाई को नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। इच्छुक आवेदक रोजगार मेले में अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### चलती कार में लगी आग, व्यापारियों ने कूदकर बचाई जान

**मण्डला, देशबन्धु।** मंडला जिले के हिरदेनगर चौकी क्षेत्र में मंगलवार को एक कार में अचानक आग लग गई। मंडला के सराफा व्यापारी मंडला से मोहगांव जा रहे थे, जब उनकी ब्छळ कार से धुआं उठने लगा। व्यापारियों ने तुरंत कार से निकलकर जान बचाई, लेकिन देखते ही देखते कार आग के शोलों में तब्दील हो गई। कार में रखे सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मंडला जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र के हिरदेनगर चौकी अंतर्गत मंगलवार को एक भीषण हादसा हुआ। सराफा व्यापारी अपनी कार से मंडला से मोहगांव जा रहे थे। रास्ते में अचानक कार से धुआं निकलने लगा। व्यापारियों ने तत्काल कार रोककर बाहर निकल गए। कुछ ही पलों में कार आग की लपटों में घिर गई। व्यापारी कार में रखी पेटी में बंद सोने-चांदी के जेवरात निकालने का मौका तक नहीं मिला।

व्यापारियों ने बताया कि कार जनवरी 2025 में खरीदी गई थी और बिल्कुल नई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि कार और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। जेवरात की पेटी भी आग की भेंट चढ़ गई, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। व्यापारियों ने इसे अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी क्षति बताया। हिरदेनगर चौकी प्रभारी विकास तोमर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन कार और सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### विधि पाठ्यक्रम में प्रवेष प्रारंभ दिनांक 10.07.2025 तक किये जा सकेंगे पंजीयन

**मण्डला, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में उपलब्ध एलएल.बी.पाठ्यक्रम को भी बार काउसिंल ऑफ इण्डिया के द्वारा मान्यता प्रदान कर दी गई है, परिणाम स्वरूप रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय, जबलपुर के द्वारा एलएल.बी.पाठ्यक्रम को ई-प्रवेष पोर्टल पर एप्रूव कर दिया गया है। अत: एलएल.बी.पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को प्रवेष हेतु दिनांक 07.07.2025 से 10.07.2025 के मध्य उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शाासन भोपाल के ऑन लाईन पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही अनिवार्य रूप से करनी होगी। पंजीयन के अभाव में विद्यार्थियों को प्रवेश की पात्रता नही होगी। विधि पाठ्यक्रम में प्रवेष हेतु बार काउसिंल ऑफइण्डिया नई दिल्ली ने 60 सीट पर प्रवेश के लिए अनुमति प्रदान की है।

# सावन माह में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु मंडला पुलिस द्वारा एडवाइजरी




**मण्डला, देशबन्धु।** सावन माह के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा के अंतर्गत पैदल यात्रा करते हुए जिले के राजमार्गों एवं प्रमुख मार्गों से गुजरते हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में मंडला पुलिस द्वारा वाहन चालको हेतु एडवाजरी जारी कर जिलेभर में विशेष जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है।

इस अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त थाना क्षेत्रों, कोतवाली मंडला, नैनपुर, बम्हनी, घुघरी, मवई, मोतीनाला, बीजाडांडी, टिकरिया, निवास, यातायात थाना, मोहगांव, बिछिया तथा चौकी अंजनिया सहित अन्य पुलिस इकाइयों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बैनर एवं पोस्टर लगाकर वाहन चालकों से अपील की जा रही है कि वे सावधानीपूर्वक एवं नियंत्रित गति से वाहन चलाएं तथा पैदल चल रहे कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। बैनर एवं पोस्टर मुख्यत: थाना क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों, पेट्रोल पंपों, चौराहों, ढाबों एवं अन्य जनसंचारी स्थलों पर लगाए गए हैं, ताकि अधिकतम लोगों तक सुरक्षा संदेश पहुंचाया जा सके।

# नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन की कार्यवाही हेतु समय-सीमा निर्धारित

**मण्डला, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 हेतु 22 जुलाई 2025 को निर्वाचन निर्धारित है। एफएलसी की कार्यवाही 11 जुलाई को पॉलीटेक्निक कॉलेज तथा डीईओ रेंडमाईजेशन 14 जुलाई को कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में की जाएगी।

आरओ रेंडमाईजेशन 15 जुलाई को कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में तथा कमीशनिंग 16 जुलाई को पॉलीटेक्निक कॉलेज मंडला में होगा।

# एसडीएम मण्डला ने किया बाढ़ प्रभावित ग्रामों में आश्रय स्थलों का निरीक्षण



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में सभी राजस्व अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया है। इसी क्रम में एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने मण्डला जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़देवरा एवं औघटखपरी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लोगों से मुलाकात की। बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों पर रखा गया है। एसडीएम ने राहत शिविरों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बाढ़ का पानी कम होने तक लोगों से सुरक्षित स्थानों पर ही रहने की समझाइश दी। इस अवसर पर एसडीओ श्री आदित्य पाण्डे, हल्का पटवारी, संबंधित पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और कोटवार उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में आये 35 आवेदन



**मण्डला, देशबन्धु।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। सीईओ जिला पंचायत ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। सीईओ ने वीसी के माध्यम से भी अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में 35 आवेदन आये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह और अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ एसडीएम सोनल सिडाम सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**मण्डला, देशबन्धु।** बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बी.एल.ओ. का प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित हुआ। जिला मण्डला की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 105 बिछिया (अ.ज.जा) के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 41 तक बीआरसी भवन सभा कक्ष घुघरी एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 269 से 304 तक मॉडल हाईस्कूल मवई कुल 77 बीएलओ का प्रशिक्षण एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 106-निवास (अ.ज.जा) के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 1 से 35 तक कुल 35 बीएलओ का प्रशिक्षण जनपद सभाकक्ष बीजाडांडी में और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 107 मण्डला (अ.ज.जा), के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 202 से 249 तक आरडीपीजी कॉलेज मण्डला का ऑडीटोरियम व 47 से 75 तक एवं 250 से 270 तक शा.उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर का मीटिंग हॉल एवं 126 से 151 तक एवं 271 से 278 तक नगर परिषद बम्हनी बंजर का मीटिंग हॉल में आयोजित किये गए। मंगलवार को संपन्न हुए प्रशिक्षण सत्रों में कुल 132 बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। अब तक मण्डला जिले की तीनों विधानसभाओं में कुल 244 बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों (बिछिया, निवास एवं मण्डला) के आगामी प्रशिक्षण 16 जुलाई 2025 तक पृथक-पृथक तिथियों में आयोजित किये जायेंगे।

# आओ वृक्ष लगाएं धरती का कर्ज चुकाएं, उत्कृष्ट विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला, देशबन्धु।** धरती को हरितिमा की चादर उढ़ाने के महत्वाकांक्षी अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला पौधे रोपित किए गए। प्राचार्य कल्पना नामदेव ने वृक्षारोपण कर छात्रों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया। छात्रों से आग्रह किया कि कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। ईको क्लब जिला प्रभारी अखिलेश उपाध्याय ने वृक्षों रक्षति रक्षत: के भारतीय मूल्यों को बतलाते हुए पौधारोपण और संरक्षण की तकनीक व महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजन में शिक्षक विपिन लखेरा, नत्थू सिंह घोषि, नागेंद्र चौहान एवं प्रवीण अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के एनएसएस, ईको क्लब व एनसीसी के छात्रों के उक्त आयोजन में सहभागिता की। अवगत होवे कि संस्था प्रांगण में विविध फलदार व पुष्प के पौधों का रोपण किया गया है।

# ग्राम भंवरदा की नल जल योजना का किया गया भौतिक सत्यापन

**मण्डला, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती सोनल सिडाम के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत भंवरदा में ग्राम पंचायत द्वारा संचालित नल जल योजना का भौतिक सत्यापन किया गया। योजना के तहत ग्राम में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु निर्मित 50 हजार लीटर की उच्च स्तरीय टंकी 20 हजार लीटर का सम्पवेल एवं 2 ट्यूबवेल का वेरिफिकेशन किया



गया। साथ ही लाभान्वित परिवारों से बातचीत की गयी। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के माध्यम से प्रतिदिन प्रात: 8 बजे एवं शाम को 7 बजे नल चालक द्वारा शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है एवं समय समय पर पानी जांच समिति की महिलाओं द्वारा की जा रही है। साथ ही जांच कर क्लोरिनेशन का कार्य भी किया जाता है। योजना के सुचारू रूप से संचालन, संधारण हेतु गठित जल समिति द्वारा प्रतिमाह 100 रुपए प्रति कनेक्शन जलकर एकत्रित किया जाता है।

# एसडीईआरएफकी टीम ने देर रात किया दो दर्जन लोगों को रेस्क्यू



**मण्डला, देशबन्धु।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नदियाँ ऊफान पर हैं। निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति निर्मित हो रहा है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए दलों को तैयार रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। कल देर शाम जिला कंट्रोल रूम को जगनाथर गाँव में मटियारी नदी की बाढ़ में दो दर्जन से ज्यादा लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। प्रशासन के संज्ञान में आते ही डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड और एसडीईआरएफ का दल मौके के लिए रवाना किया गया। टीम ने प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते ने नेतृत्व में राहत के लिए रात के अंधेरे में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और देर रात तक फंसे हुए सभी ग्रामीणजनों को सुरक्षित बाहर लाया गया। राहत एवं बचाव दल में सैनिक सन्नी श्रीवास, टेकचंद, सुरेंद्र, राजेंद्र, श्याम बिहारी और रामप्रसाद की भूमिका रही।